04 कलेक्टर ने ग्राम कांदला पर्ती में ग्रामीणों से सीधे संवाद कर जानी समस्याएं



04 कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में दी दो दिवसीय तितली पहचान कार्यशाला



## खबर संक्षेप

### बस्तर ओलंपिक, जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं होंगी आज से

**जगदलपुर।** गृह विभाग सहित खेल एवं युवा कल्याण विभाग और जिला प्रशासन बस्तर द्वारा बस्तर ओलंपिक के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का 22 से 23 नवम्बर को किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उदघाटन समारोह 22 नवम्बर को दोपहर 3 बजे इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में किया जाएगा। समापन समारोह 23 नवंबर को संध्या 4 बजे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के मुख्य अतिथि में संपन्न होगा।

### लेम्पस में टोकन की समस्या किसान हो रहे परेशान

**करपावंड।** बकावंड ब्लाक के करपावंड व कोलावल लेम्पस में किसान टोकन की समस्या को लेकर परेशान है। खरीदी केंद्र में हमाल भी नहीं है। जिससें किसानों को खरीदी केंद्र का चक्कर लगाना पड़ रहा है। हरिभूमि ने दोनों लेम्पस का निरीक्षण किया तो कोलावल लेम्पस के कुछ किसान के ही टोकन कटे हुए थे।

### ठंड से बचने छात्रों को सरपंच ने किया स्वेटर का वितरण

**जगदलपुर।** कड़कड़ाती ठंड अब जनजीवन को प्रभावित करने लगा है। स्कूल छात्रावास के बच्चों का दिनचर्या भी इससे प्रभावित होने लगा है । ग्राम गढ़िया के सरपंच भरत कश्यप ने आज हॉस्टल में रहने वाले छात्रों के बीच स्वेटर का वितरण किया। इस अवसर पर छात्रों ने जहां धन्यवाद दिया। वहीं सरपंच ने कहा की बदलते मौसम के साथ ठंड बढ़ी है। परंतु बच्चों का दिनचर्या और पढ़ाई लिखाई प्रभावित न हो यह देखना हम सब का फर्ज है इसीलिए हमने छात्रों के बीच ठंड से बचने स्वेटर का वितरण किया।

## पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाने का चलन बढ़ा

# संभाग के सातों जिलों में अंदरूनी क्षेत्र के 3741 ग्रामों का किया विद्युतीकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

■ विद्युत कंपनी के 64590 कृषि पंप कनेक्शन व 810087 निम्नदाब उपभोक्ता की बढ़ी

बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर कांकेर, कोण्डागांव एवं नारायणपुर जिलों के अंदरूनी क्षेत्र में 3741 ग्रामों का विद्युतीकरण किया गया है। घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ मिला बल्कि कृषि और औद्योगिक क्षेत्र भी मजबूत हुए। कृषि पंप कनेक्शनों की संख्या में 15 गुना से अधिक 4152 से 64590 वृद्धि हुई है। निम्नदाब उपभोक्ताओं की संख्या 35902 से बढ़कर 810087 हो गई। घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शासन की जन हितैषी महत्वकांक्षि नियद नेल्लानार योजना संचालित है। जिसके अंतर्गत जगदलपुर क्षेत्र के जिला बीजापुर, सुकमा, दंवतेवाड़ा कांकेर एवं नारायणपुर के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित 69 सुरक्षा कैम्पों के आप-पास 410 ग्रामों में विद्युत व्यवस्था निर्बाध रूप से बनाये रखने हेतु विद्युतीकरण व्यवस्था को सुदृढिकरण का कार्य प्रारंभ है। जिसमें से 39 कैम्पों एवं 144 ग्रामों का विद्युतीकरण कार्य पूर्णकर इन क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों एवं सुरक्षा केंपों को विद्युत आपूर्ति कर लाभान्वित किया जा रहा है। केन्द्र शासन एवं राज्य शासन द्वारा दी जा रही सब्सिडी के कारण घरेलु कनेक्शनों में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाने का चलन बढ़ रहा है।

### हर आधे घंटे में जानकारी उपलब्ध करा रहा ऐप

बताया जा रहा है कि भारत सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत, ये स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बिजली की खपत की सटीक जानकारी मोर बिजली ऐप के माध्यम से हर आधे घंटे में उपलब्ध करा रही हैं। इससे बिलिंग में पारदर्शिता आई है और मानवीय त्रुटियां कम हुई हैं। यह उपभोक्ताओं को अपनी बिजली खपत को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में भी मदद करता है।



### बेहतर सेवा देने की दिशा में कंपनी

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि 25 वर्षों में स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के तहत वितरण नेटवर्क के विस्तार, आधुनिकीकरण और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा देने की दिशा में तेजी से प्रगति हुई है। केंद्र और राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं, जैसे राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना, दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना एवं मुख्यमंत्री मजराटोला योजना द्वारा क्षेत्र में ग्राम विद्युतीकरण को गति प्रदान हुई।

# कलेक्टर ने किया धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

■ सभी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने दिए निर्देश

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया को सुचारु, पारदर्शी और किसान-हितैषी बनाए रखने की दिशा में कलेक्टर हरिस एस ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का अचानक और सघन निरीक्षण किया। कलेक्टर ने औचक रूप से भानपुरी, केशरपाल, मुंडागांव और देवड़ा स्थित चार प्रमुख केंद्रों का दौरा कर वहाँ की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। साथ ही धान संग्रहण केंद्र सिवनी का भी जायजा लिया और डनेज की व्यवस्था, चबूतरा, तिरपाल इत्यादि की उपलब्ता के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को नियमित रूप से सुनिश्चित करने कहा और निर्देशित किया कि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और संपूर्ण खरीदी प्रक्रिया निर्बाध रूप से जारी रहे।



कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों में सबसे पहले उपलब्ध सुविधाओं और धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया को बारीकी से समझा। उन्होंने विशेष रूप से धान की गुणवत्ता जांचने की प्रक्रिया, नमी मापन यंत्रों की कार्यप्रणाली, और खरीदी के लिए आवश्यक बारदाने की पर्याप्त स्टॉक स्थिति का गहन अवलोकन किया। इसके साथ ही, तौल वजन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने केंद्र प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि खरीदी में पूरी तरह से पारदर्शिता बरती जाए और किसानों के भुगतान भी तत्काल किया जाए।

## बीमा कंपनी अदा करेगी चिकित्सा व्यय की राशि एक लाख

■ जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने पारित किया आदेश

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा गुरुवार को एक प्रकरण में निवा ब्यूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी द्वारा आवेदिका को उसके पति के इलाज में खर्च राशि एक लाख रूपए, मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रूपए एवं बजाज फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को भी मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रूपए अदा करेगी। उक्त आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल और सदस्य आलोक कुमार दुबे की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी अर्जुन बिसाई द्वारा बजाज फाइनेंस से प्राप्त ऋण का बीमा निवा ब्यूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी से करवाया था। बीमा अवधि के दौरान आवेदक कैंसर की गंभीर बीमारी से पीड़ति हो गया था, जिसके कारण उसकी मृत्यु हो गई थी। आवेदक द्वारा बीमा कंपनी के समक्ष इलाज पर खर्च राशि हेतु दावा प्रस्तुत किया गया था, जिसे बीमा कंपनी द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत न करने का कारण बताते हुए निरस्त कर दिया था। इसे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि आवेदक द्वारा आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी प्रकरण के लंबन द्वारा आवेदक की मृत्यु होने से उसकी पत्नी रुक्मणी बिसाई द्वारा प्रकरण में प्रतिनिधित्व किया गया था।

## तितिरगांव में आवारा कुत्तों का बढ़ा आतंक

**बकावंड।** ग्राम पंचायत तितिरगांव में इन दिनों आवारा कुत्तों ने आतंक मचा रखा है। पिछले कई दिनों से ये कुत्ते नदी किनारे से गांव के अंदर घुसकर ग्रामीणों और पशुओं पर हमला कर रहे हैं। सोमवार को एक ही दिन में सात लोगों को कुत्तों ने काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया,जिसके बाद क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। घायल जानकी पाण्डे, जेसिका, सुको, कनेर कश्यप , शोरम। इसके अलावा, कुत्तों ने गांव के दो गायों को घायल कर दिया। ग्रामीण वीडी पाण्डे ने बताया कि मेरी पत्नी को भी कुत्तों ने काटा है। इस समस्या की जानकारी ग्राम पंचायत सरपंच को दी लेकिन यह कहते हुए मामला टाल दिया कि सरकारी स्तर पर कुत्तों को पकड़ने की कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। सभी घायलों को रेबिज का टीका लगाने के लिए महारानी अस्पताल ले जाने की व्यवस्था की जा रही है। इन कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है और कई परिवार अपने बच्चों को स्कूल भेजने से भी डर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से तुरंत कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि गांव के लोग रोज भय में जी रहे हैं।

## मादक पदार्थ गांजा के साथ सुकमा के तस्कर गिरफ्तार

**जगदलपुर।** मादक पदार्थ गांजा बेचने ग्राहक का इंतजार कर रहे सुकमा जिले के दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से लाखों रूपए का गांजा जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गयाद्ध गांजा बेचे जाने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन, सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा रात में सरगीपाल रोड स्थित रेलवे साइडिंग के पास ग्राहक का इंतजार करते हुए दो लोगों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम जितेंद्र कुमार नाग 24 साल निवासी जांगरपाल थाना पुषपाल जिला सुकमा व सुनील नाग 25 साल निवासी ग्राम सौतनार थाना तोंगपाल जिला सुकमा का रहने वाला बताया। आरोपियों के कब्जे से 5 किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 50 हजार रूपए आंका गया है। गिरफ्तार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।



हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
भाग्यशाली विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार
01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू , पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी , धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)
उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)
01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व. श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)
01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व. श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

नियम शर्तें लागू*
1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्ते मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ॥

अंतिम अरदास



सतवंत कौर भाटिया
(1954-2025)
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सतवंत कौर भाटिया
धर्मपत्नि स. महेन्द्र सिंह भाटिया का स्वर्गवास दिनांक 19 नवंबर 2025 को हो गया है।
आत्मिक शांति के लिए रखाए गये श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति 23 नवंबर 2025
दिन रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर में सुबह 10:00 बजे होगी।

कीर्तन एवं अंतिम अरदास
23 नवंबर 2025 सुबह 11:30 से 01:00 बजे दोपहर
गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर छ.ग. (गुरु का लंगर-01:30 बजे पूर्ण समाप्ति उपरांत)
(सुबह की बैठक 10:00 से 11:00 बजे गुरूनानक नगर गुरूद्वारा हॉल रायपुर)

शोकाकुल परिवार :-महेन्द्र सिंह भाटिया (पति)
अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, इंद्रपाल सिंह भाटिया
कुलवंत कौर भाटिया (पत्नी स्व. सुरजीत सिंह भाटिया),
सतविंदर सिंह भाटिया (टिवकंल), जगदीप कौर भाटिया (रज्जी)
संदीप सिंह भाटिया-अवनीत कौर भाटिया (रैनी) (पुत्र-पुत्रवधु)
मंदीप सिंह भाटिया-रानी भाटिया (रायपुर), मनिंदर सिंह भाटिया-मीनी भाटिया (गोंदिया) (दामाद-पुत्री)
समस्त भाटिया परिवार (बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, रायपुर)
नोट : जिस किसी भी स्नेहीजन को सूचना न मिली हो इसे ही सूचना जाने।
J.J.Ad

## खबर संक्षेप

### जनजातीय गौरव दिवस पर लिंगों घोटुल मांदरी नाचा पार्टी ने मचाया धमाल



**कोण्डागांव।** जनजातीय गौरव दिवस 2025 के अवसर पर जिला सरगुजा अंबिकापुर में आयोजित शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति लोक कला महोत्सव का भव्य राज्य स्तरीय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश की राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। महोत्सव में कोंडागांव जिले से प्रतिभागी के रूप में शामिल लिंगों घोटुल मांदरी नाचा पार्टी ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह नाचा पार्टी जिला स्तर की प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान हासिल कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई थी। उनकी पारंपरिक नाचा विधा ने दर्शकों और निर्णायक मंडल दोनों पर गहरी छाप छोड़ी।

### दंतेवाड़ा का काटेकल्याण गांव बना मॉडल गांव : सौर ऊर्जा से चलेंगी मुफ्त स्ट्रीट लाइट

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले के काटेकल्याण गांव में एक अनोखी पहल के तहत अब यहां की सड़कों पर रोशनी के लिए बिजली बिल की कोई चिंता नहीं रहेगी। सड़कों की लाइट अब ऑन-ग्रिड सोलर पावर सिस्टम से संचालित होंगी। इस परियोजना को स्विचसोल द्वारा खूबसूरती से कार्यान्वित किया गया है। कार्यान्वयन के दौरान कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, क्योंकि जिन स्थानों पर यह सिस्टम स्थापित किया गया, वहां प्रारंभ में बिजली मीटर तक उपलब्ध नहीं थे। चूंकि यह अपनी तरह का पहला प्रोजेक्ट था, इसलिए विभिन्न विभागों से अनुमोदन प्राप्त करने और संबंधित अधिकारियों को समझाने के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। इस परियोजना के तहत स्ट्रीट लाइटों का बिजली बिल पूरी तरह समाप्त हो जाएगा, जिससे काटेकल्याण गांव अब एक सच्चे अर्थों में मॉडल विलेज के रूप में विकसित हो रहा है। यह प्रयास न केवल ऊर्जा बचत का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि स्वच्छ और हरित छत्तीसगढ़ की दिशा में एक बड़ा कदम भी है।

### बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में कैलाश ने हासिल किया प्रथम स्थान



**जगदलपुर।** शाउमावि नियानार के छात्र कैलाश नायक ने राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी जशपुर में भाग लिया था। जिसमें पुर राज्य के विद्यालयों से प्रतिभागी शामिल थे। कैलाश ने इमर्जिंग टेक्नोलॉजी टॉपिक में अपना वर्किंग मॉडल प्रस्तुत कर पुरे राज्य स्तरीय बाल वैज्ञनिक प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने इसका श्रेय अपने विद्यालय के समस्त शिक्षकों को दिया। इस मॉडल को बनाने में फास्ट स्टेप इनोवेशन कंपनी के ट्रेनर लोकेश निषाद का भी योगदान था।

**असर:** कर्मचारियों के आंदोलन से खरीदी कार्य प्रभावित

# धान खरीदी केंद्र हरवेल में किसानों ने किया श्रमदान, हड़ताल के बीच खुद संभाली व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव



जिले के बड़ेराजपुर विकासखंड में धान खरीदी का कार्य जहां कई केंद्रों पर सुचारू रूप से शुरू हो चुका है, वहीं कुछ स्थानों पर कर्मचारी हड़ताल के कारण काम धीमी गति से चल रहा है। खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के तहत निर्धारित खरीदी तिथि में, लैंप्स कर्मचारियों और कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल से हरवेल, गम्हरी और बासकोट जैसे केंद्रों में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई।

- किसानों को परेशानी, लंबी कतारें और रुका हुआ काम

कर्मचारी हड़ताल के कारण धान खरीदी केंद्रों में पूरी व्यवस्था ठप पड़ गई। धान बेचने पहुंचे किसानों को लंबा इंतजार करना पड़ा और कई किसानों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। सीमित समय में धान बेचने की बाध्यता के कारण किसान बेहद चिंतित नजर आए।अव्यवस्था को देखते हुए किसानों ने आगे बढ़कर स्वयं व्यवस्था संभाली और श्रमदान करते हुए खरीदी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। किसानों ने तौल व्यवस्था, बोरी ढुलाई व लाइन प्रबंधन जैसे कार्य खुद ही किए, जिससे धीरे–धीरे काम दोबारा पटरी पर आने लगा।

### हड़ताल से प्रभावित हुई खरीदी प्रक्रियाः सरपंच

ग्राम पंचायत हरवेल के सरपंच महेश नेताम ने बताया कि 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू हुई, लेकिन लैंप्स कर्मचारियों और ऑपरेटरों के हड़ताल पर चले जाने से किसानों को वापस लौटना पड़ा। यही स्थिति गम्हरी और बासकोट केंद्रों में भी देखने को मिली है। उन्होंने जल्द समाधान की आवश्यकता जताई, ताकि किसानों को परेशान ना होना पड़े। कठिन परिस्थितियों के बीच किसानों द्वारा किया गया श्रमदान न केवल खरीदी केंद्र की व्यवस्था को संभालने में सहायक साबित हुआ, बल्कि ग्रामीण एकजुटता और सहयोग की मिसाल भी बना।

## कमिश्नर ने मसोरा धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव।** बस्तर संभागायुक्त डोमन सिंह ने शुक्रवार को विकासखंड कोंडागांव के ग्राम मसोरा स्थित धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों के लिए की गई मूलभूत व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए।

कमिश्नर ने खाद्य विभाग के अधिकारियों से टोकन जारी करने की प्रक्रिया, धान में नमी की जांच, बोरियों के तौल, बारदाना उपलब्धता सहित खरीदी केंद्र के सभी बिंदुओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए तथा पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुगम होनी चाहिए। उन्होंने अवैध धान की आवक रोकने के लिए किए जा रहे निगरानी उपायों का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने किसानों से भी बातचीत कर खरीदी प्रक्रिया की स्थिति जानी और उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखने को कहा। धान खरीदी केंद्र के निरीक्षण के बाद संभागायुक्त श्री सिंह ने ग्राम मसोरा में निर्वाचन आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने बीएलओ द्वारा किए जा रहे मतदाता सूची शुद्धिकरण, नए मतदाताओं के पंजीकरण एवं अन्य प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, कोंडागांव एसडीएम अजय उरांव, डिप्टी कलेक्टर सुश्री रश्मि पोयाम, खाद्य अधिकारी नवीन चंद श्रीवास्तव सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बंजारा समाज के धर्मगुरु संत सेवालाल की मूर्ति का अपमान



**फरसगांव/कोण्डागांव।** अखिल भारतीय बंजारा सेवा संघ जिला कोण्डागांव बंजारा समाज के द्वारा कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा, कोण्डागांव एसडीएम अजय उराव और कोण्डागांव कोतवाली थाने में पहुच कर समाज की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली घटना की जानकारी देते हुए उचित कार्यवाही की मांग की गई है। कोण्डागांव बंजारा समाज के लोगों ने बताया कि बुधवार की रात्रि में कोण्डागांव के जय माता दी मोबाईल के संचालक द्वारा कोण्डागांव स्थित सेवालाल चौक में एक रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान कुछ व्यक्तियों द्वारा हमारे समाज के धर्मगुरु संत सेवालाल जी महाराज की स्थापित मूर्ति पर चढ़कर अनुचित एवं असम्मानजनक हरकतें की गई, जो स्पष्ट रुप से मूर्ति का मजाक उड़ाने जैसा प्रतीत होता हैं। यह कृत्य हमारे बंजारा समाज की आस्था, मर्यादा एंव मान-सम्मान को गहरा आघात पहुँचाने वाला है, धार्मिक भावनाओं को भडकाने वाला है एवं क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को भी प्रभावित करने की क्षमता रखता है। संगठन के सदस्यों तथा स्थानीय नागरिकों ने इस घटना के दृश्य (विडियों/फोटो) देखे हैं, जिससे समाज में अत्यंत आक्रोश व्याप्त है। ऐसी गतिविधियों सामाजिक सदभाव को कमजोर करती है और असामाजिक तत्वों को बढ़ावा देता है। समाज द्वारा कहा है कि घटना में शामिल सभी व्यक्तियों की पहचान कर गंभीर धाराओं के तहत कड़ी कानूनी कार्यवाही कि जाए। कार्यक्रम के आयोजकों एवं जिम्मेदार व्यक्तियों से पूछताछ कर, लापरवाही एवं धार्मिक भावनाओं को आहत करने के लिए दंडात्मक कार्यवाही की जाए। ऐसे सार्वजनिक कार्यक्रमों की अनुमति एवं निगरानी प्रणाली को मजबूत किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएँ न हों। समाज की भावनाओं को देखते हुए इस मामले में शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे सामाजिक सद्भाव बना रहें। हमारा संगठन हमेंशा शांति, न्याय, सामाजिक एकता और कानून व्यवस्था को सर्वोपरि मानता है।

- समाज की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने के सम्बन्ध में एसपी, एसडीएम और टीआई से की गई शिकायत

**ये रहे मौजूद :** ज्ञापन सौंपने के दौरान बंजारा समाज के जिलाध्यक्ष सुखिया राम चौहान, सचिव भुनेश्वर राठौर, जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, हीरासिंह राठौर, पुरुषोत्तम नायक, चरण भारद्वाज, आनंद पवार, मोतीलाल राठौर समेत भारी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने खालेमूरवेंड में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

जिले में संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान की समीक्षा के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने केशकाल विकासखंड के ग्राम खालेमूरवेंड का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदाता सूची को अद्यतन और सटीक बनाने के उद्देश्य से चल रहे कार्यों की स्थिति का विस्तृत मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बूथ स्तर अधिकारी बीएलओ से घर–घर सत्यापन कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी बीएलओ को पारदर्शी ढंग से तथा निर्धारित समय सीमा में सत्यापन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मतदाता सूची का त्रुटिरहित होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है।

- मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने एसआईआर अभियान के संबंध में ग्रामवासियों को जागरूक करने के लिए गांव–गांव मुनादी कराने को भी कहा। उन्होंने कहा कि सभी योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल होना सुनिश्चित किया जाए ताकि कोई भी मतदान अधिकार से वंचित न रहे।

### अधिकारियों की उपस्थिति और आगे की प्रक्रिया

इस दौरान एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, तहसीलदार गणेश सिदार सहित अन्य विभागीय अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे। निर्वाचन विभाग के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 4 दिसंबर तक संचालित रहेगा। इस विशेष पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जिले की मतदाता सूची को अद्यतन, त्रुटिरहित और सटीक बनाना है, ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रिया सुचारू, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके।

## भाजपा जिला महामंत्री बने विजय

**फरसगांव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से कोंडागांव भाजपा जिलाध्यक्ष सेवकराम नेताम (पूर्व विधायक) ने बीते दिनों अपनी नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का गठन किया है। जिसमें विगत कई वर्षों से भाजपा के प्रति पूरी निष्ठा और लगन से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को पदाधिकारी के रूप में प्रमोट करते हुए एक नई टीम तैयार की गई है। इस सूची में जिला महामंत्री के रूप में वरिष्ठ कार्यकर्ता विजय पोया को जवाबदारी सौंपी गई है।



इससे पहले भी भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैसे कई अहम पदों पर पार्टी के लिए काम कर चुके हैं। इस सम्बंध में नवनियुक्त भाजपा जिला महामंत्री विजय पोया ने बताया कि मुझे जैसे सामान्य कार्यकर्ता को जिला महामंत्री पद के योग्य समझने के लिए मैं माननीय प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय एवं जिलाध्यक्ष सेवकराम नेताम जी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। मेरा प्रयास रहेगा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं हमारे जिलाध्यक्ष जी के आदेशानुसार संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं हमारी भाजपा सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

## नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने डीएलएसए की थाना प्रभारियों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव।



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव की अध्यक्ष किरण चतुर्वेदी ने 13 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारी को लेकर जिले के सभी थाना प्रभारियों की बैठक ली।बैठक का मुख्य उद्देश्य न्यायिक दक्षता बढ़ाने, लंबित मामलों के त्वरित निपटारे की रणनीति बनाने और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए न्यायपालिका व पुलिस विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था। न्यायाधीश ने निर्देश दिए कि थाना प्रभारी ऐसे मामलों की सूची तैयार करें जिन्हें नेशनल लोक अदालत में आसानी से निराकृत किया जा सके।

- 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारी की समीक्षा

उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग की सक्रिय भूमिका से अधिक से अधिक प्रकरणों का समाधान संभव है, जिससे जनता को शीघ्र न्याय मिल सकेगा। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को लंबित प्रकरणों की समय पर तामिली कर सुनिश्चित रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में विशेष रूप से आबकारी अपराध, ट्रैफिक चालान, राजीनामा योग्य मामूली अपराध और छोटे धाराओं वाले मामलों के अधिकतम निपटान पर जोर दिया गया। साथ ही प्री–लिटिगेशन प्रकरणों को भी प्राथमिकता से सुलझाने के निर्देश दिए गए।

## बफना में करोड़ों की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव।

विकासखंड कोंडागांव के ग्राम पंचायत बफना में शुक्रवार को हायर सेकेंडरी स्कूल भवन एवं सीसी सड़क, पुलिया निर्माण कार्यों का भूमि पूजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कुल 1 करोड़ 30 लाख 16 हजार की लागत से हायर सेकेंडरी स्कूल और सीसी सड़क, पुलिया निर्माण तथा 10 लाख की लागत के अतिरिक्त सीसी सड़क, पुलिया का भूमि पूजन विधायक लता उसेंडी द्वारा विधिवत पूजा–अर्चना कर किया गया।

- विधायक लता उसेंडी की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम

कार्यक्रम की शुरुआत में सुश्री उसेंडी ने मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा कर क्षेत्रवासियों के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की प्राथमिकता शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत कर ग्रामीण जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है।



### विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों में उत्साह

ग्रामवासियों ने विधायक सुश्री लता उसेंडी के प्रयासों की सराहना की और कहा कि उनके कार्यकाल में क्षेत्र में लगातार विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है और बफना ग्राम भी इसका लाभ प्राप्त कर रहा है।

### कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

भूमि पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे। मुख्य रूप से जिला सदस्य नंदलाल राठौर, जनपद उपाध्यक्ष ठोमेंद्र ठाकुर, मंडल अध्यक्ष धांजू राम, सरपंच मोहन सिंह नेताम, हीरालाल मौर्य, प्रकाश तिवारी, राज बिहारी साहू, कनेशवर पांडे, हीरालाल नेता, बीजू राम नेताम, मनोज कौशिक, अशोक पटेल, अमर सिंह नेताम, वीरू राम नेम, जय राम देवांगन, जिला सिंह नेता, श्यामा बाई पांडे, सुरेखा वर्षा देवांगन तथा हाई स्कूल के शिक्षक–शिक्षिकाएं एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## परिजन से मिले सांसद, शोक संवेदना व्यक्त की



**फरसगांव।** बीते दिन एनएच 30 टोल प्लाज़ा के पास हुई भीषण सड़क दुर्घटना में बड़ेडोंगर–भैंसाबेड़ा के पाँच लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। शुक्रवार को कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज नाग दिवंगतों के क्रियाक्रम तीज नहवन में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद नाग ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। तथा शासन–प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने तत्काल कलेक्टर को निर्देश जारी करते हुए घायलों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए डॉक्टरों से फोन पर बात की और उपचार में किसी प्रकार की कमी न होने का निर्देश दिया। सांसद ने बताया कि घायलों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी ताकि उनके इलाज में कोई बाधा न आए। कार्यक्रम में एसडीएम अश्वन पुसाम, नायब तहसीलदार निधि नेताम, बड़ेडोंगर टीआई भुवनेश्वर नाग, जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग, जनपद अध्यक्ष मानकु नेताम, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, विद्यासागर नायक, कुले नाग, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सलाम, मंडल अध्यक्ष धनराज पांडे, सरपंच चन्द्रबती पुजारी, झाड़ीराम सलाम, गुलबीर चनाप, जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग सहित बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य परीक्षण करके कुपोषण दूर करने संबधी दी जानकारी

**फरसगांव/विश्रामपुरी।** पोषण पुनर्वास एवं बाल संदर्भ शिविर का आयोजन कोपरा सेक्टर में कुपोषित बच्चों का चिह्नित कर उनका विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कुपोषण से जूझ रहे बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग एवं आंगनबाड़ी केदो द्वारा संयुक्त रूप से एक दिवसीय पोषण पुनर्वास शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में माताएं अपने बच्चों के साथ पहुंची और पोषण विशेषज्ञों से परामर्श लिया। शिविर में उपस्थित डॉक्टरों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने बताया कि कुपोषण का मुख्य कारण बच्चों में सही और संतुलित आहार की कमी है। उन्होंने बच्चों को माता को घर पर उपलब्ध सामग्रियों से पौष्टिक भोजन तैयार करने के तरीके बताएं बच्चों का वजन और ऊंचाई माप कर उनकी पोषण स्थिति का आकलन भी किया। महिलाओं को प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों जैसे डाल अंडा दूध हरी सब्जियां और फल का नियमित सेवन करने की सलाह दी गई। शिविर में बच्चों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ आवश्यक दवाइयां का पोषण किट भी वितरित की गई।



**इनका रहा सहयोग :** यह कार्यक्रम विश्रामपुरी के खंडचिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनुराग भारती के मार्गदर्शन में फीडिंग डेमोस्ट्रेटर वीणा गर्वनर, स्टाफ नर्स मनीषा नागवंशी , पूजा साहू , ममता सेठिया डॉक्टर भूपेश उसेंडी, फार्मासिस्ट जिज्ञासा सेठिया, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी सुश्री विमल भास्कर, पर्यवेक्षक महेश्वरी कचलाम के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न किया गया।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 510/ब-121/2024-25

// उद्घोषणा //

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रैनु पिता स्व. अर्जुन जाति भतरा ग्राम सावरा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पिता स्व. अर्जुन निवासी ग्राम सावरा तहसील करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.) का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के पिता स्व. अर्जुन पिता स्व. सम्पत ग्राम सावरा का दिनांक 16/12/2011 को मृत्यु हुई है। आवेदक रैनु पिता स्व. अर्जुन जाति भतरा ग्राम सावरा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के पिता स्व. अर्जुन मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 28/11/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 23/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 511/ब-121/2024-25

// उद्घोषणा //

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रैनु पिता स्व. अर्जुन जाति भतरा ग्राम सावरा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने माता स्व. सुकरी निवासी ग्राम सावरा तहसील करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.) का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के माता स्व. सुकरी पति अर्जुन ग्राम सावरा का दिनांक 15/07/2014 को मृत्यु हुई है। आवेदक रैनु पिता स्व. अर्जुन जाति भतरा ग्राम सावरा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के माता स्व. सुकरी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 28/11/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 23/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर

न्यायालय तहसीलदार तोकापाल जिला बस्तर छ.ग.

रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2024-25
तोकापाल दिनांक, 12/11 /2025

// उद्घोषणा//

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शंकर सिंह ठाकुर पिता शम्भुनाथ जाति धाकड़ निवासी ग्राम बड़े आरापुर तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने पिता शम्भुनाथ (चन्दन) मृत्यु तिथि 05/08/2008 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत बड़े आरापुर के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात् उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 26/11/25 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 12/11/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 26/11/25

मुहर — तहसीलदार तोकापाल

## खबर संक्षेप

### कार्मिक संपदा में ई-केवाईसी पूर्ण करने के दिए निर्देश

**दंतेवाड़ा।** जिला कोषालय कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यालय के अंतर्गत कार्यरत सभी शासकीय सेवकों का ई-कोष ऑनलाइन के कार्मिक संपदा मॉड्यूल में शत-प्रतिशत ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाना है। कोषालय ने बताया कि जिले के कई कार्यालयों द्वारा अब तक ई-केवाईसी की प्रविष्टियां पूर्ण नहीं की गई हैं जिससे आगामी माह में वेतन देयक तैयार करने में बाधा आ सकती है। इसी संदर्भ में जिला कोषालय ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे अपने अधीनस्थ शासकीय सेवकों की कार्मिक संपदा में सभी आवश्यक प्रविष्टियां 15 दिसंबर तक अथवा उससे पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें।

### 40 छात्राओं को दिया गया साइकिल



**दंतेवाड़ा।** स्वामी आत्मानंद हाई स्कूल आवराभाटा में सरस्वती साईकिल योजना के तहत विधायक चैतराम अटामी, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद सदस्य रामू नेताम, कुणाल ठाकुर एवं नगर पालिका के पार्षदों की उपस्थिति में 40 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। मौके पर विधायक द्वारा छात्राओं को नियमित रूप स्कूल आने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों ने छात्राओं द्वारा परिसर में विभिन्न प्रकार के लगाए गए व्यंजनों के स्टॉल में पहुंच कर खाने का स्वाद भी लिया।

### अपलोड कार्यों में आ रही कठिनाइयों को किया दूर



**दंतेवाड़ा।** विगत दिवस नगर पालिका बड़े बचेली में निर्वाचन आयोग द्वारा गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर में पांच जगह कैंप लगाकर मतदाताओं से फार्म लिया तथा इसे आ रही समस्याओं का निराकरण किया गया।

### टेलीफान अदालत कम ओपन हाउस 28 को

**जगदलपुर।** दूरसंचार बस्तर वाणिज्यिक क्षेत्र कांकेर, बस्तर, दन्तेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा एवं कोण्डागांव जिले के समस्त उपभोक्ताओं के लिए 28 नवंबर को 11 बजे महाप्रबंधक दूरसंचार, जिला बस्तर जगदलपुर के कार्यालय में टेलीफोन अदालत कम ओपन हाऊस लगाएगा। अदालत में टेलीफोन संयोजन, वियोजन, स्थानांतरण, खराबी एवं अधिक बिलिंग संबंधी शिकायतें जो तीन माह से अधिक या कम अवधि से लंबित हों तथा जिन पर विभाग द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई हों ऐसे प्रकरण भेजे जा सकते है। फोरम अथवा न्यायालय में लंबित प्रकरण स्वीकार नही किये जाएंगे। बीएसएनएल जगदलपुर ईबी एवं सेल्स एवं मार्केटिंग के सहायक महाप्रबंधक ने बताया कि उपभोक्ता अपनी लिखित शिकायत प्रधान महाप्रबंधाक दूरसंचार, जिला बस्तर जगदलपुर के कार्यालय में 24 नवंबर तक वाणिज्यिक अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से (ऑन द स्पॉट) या डाक द्वारा भेज सकते है। डाक द्वारा भेजे गये लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से टेलीफोन अदालत कम-ओपन हाऊस प्रकरण लिखा होना चाहिए।

### जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश पत्र जारी

**बीजापुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा कक्षा 6वीं के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। यह परीक्षा 13 दिसंबर को आयोजित होगी। अभ्यर्थी 18 नवंबर से अपना प्रवेश पत्र ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं। यदि किसी विद्यार्थी को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में कठिनाई आती है, तो वह प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बीजापुर के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# कलेक्टर ने ग्राम कांदला पर्ती में ग्रामीणों से सीधे संवाद कर जानी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

नियद नेल्लानार योजनाओं के अंतर्गत कांदला पर्ती 1 एवं 2 कैंप खुलने के बाद शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव ने ग्राम कांदला पर्ती का दौरा किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और आवश्यकताओं की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने स्वयं प्रत्येक ग्रामीण से व्यक्तिगत रूप से पूछताछ करते हुए उनकी वास्तविक स्थिति



और मांगों को समझा।

ग्रामीणों ने विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दे अधिकारियों के समक्ष रखे, जिनमें प्रमुख रूप से कांदला पर्ती से उल्लूर मार्ग को बारहमासी सड़क के रूप में निर्माण कराने, हर घर नल-जल योजना का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन, ग्रामीणों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, वन अधिकार पट्टों की तैयारी, धान बेचने हेतु लेम्पस केंद्र की दूरी से जुड़ी समस्या का समाधान, पीडीएस से ग्राम की दूरी को देखते हुए ट्रैक्टर से राशन वितरण की व्यवस्था, पशुपालन एवं मछली पालन को बढ़ावा देना, तेंदूपत्ता एवं इमली जैसी वनोपज के विक्रय को प्रोत्साहित करना, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सर्वे कराने तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण कराने जैसी मांगें शामिल थीं।

कलेक्टर मिश्रा ने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को ग्रामीणों की सभी समस्याओं एवं मांगों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के साथ एसडीएम यशवंत नाग, एसडीओपी जी. कामड़े, सीईओ जनपद पंचायत आदित्य कुंजाम, तहसीलदार लक्ष्मण राठिया एवं थाना प्रभारी जांगड़े भी उपस्थित रहे।

### आदिवासियों के जल–जंगल–जमीन की लड़ाई के लिए आम आदमी पार्टी का बड़ा संदेश

# बस्तर के जंगलों और खनिजों को निजी हाथों में सौंपा जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आम आदमी पार्टी की छत्तीसगढ़ बचाबो यात्रा जगदलपुर में विशाल रैली और जनसमूह के उत्साहपूर्ण स्वागत के साथ संपन्न हुई। यह यात्रा 15 से 19 नवंबर तक रायपुर से कोंडागांव, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा होते हुई बस्तर मुख्यालय

- रैली के विशाल जनसैलाब के साथ छत्तीसगढ़ बचाबो यात्रा का हुआ समापन



जगदलपुर पहुँची। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल के नेतृत्व में निकली यह यात्रा आदिवासी समाज के जल–जंगल–जमीन की सुरक्षा, संवैधानिक अधिकारों की रक्षा और प्रदेश के वास्तविक विकास के मुद्दों को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास थी। यात्रा को बस्तर के हर जिले में जबरदस्त समर्थन मिला, जहाँ कार्यकर्ता और आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। उत्तम जायसवाल ने कहा कि वीर बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती से आरंभ यह यात्रा आदिवासी अस्मिता और प्राकृतिक संपदाओं की रक्षा का संकल्प है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी पेशा कानून लागू न करके सरकार आदिवासियों के अधिकारों को कुचल रही है। उन्होंने कहा कि जमीन हमारी,खनिज हमारा, उत्पादन हमारा लेकिन लाभ किसी और को। महंगी बिजली, लबेरोज़गारी,शिक्षा और स्वास्थ्य की बदहाली इन सबने जनता को टूटने पर मजबूर किया है।

आप नेताओं ने यह भी कहा कि प्रदेश की दोनों प्रमुख पार्टियों भाजपा और कांग्रेस ने वर्षों से बस्तर को केवल चुनावी घोषणाओं के मंच के रूप में इस्तेमाल किया है। विकास नेताओं के परिवारों का हुआ,बस्तर का नहीं,यह कहते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि बस्तर के जंगलों और खनिजों को निजी हाथों में सौंपा जा रहा है। जगदलपुर में बड़ी संख्या में युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की,जिससे यात्रा का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।

यात्रा को प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं में वदूद आलम, भानु प्रकाश चंद्रा,मेहराज सिंह वट्टी,दुर्गा झा, तेजेंद्र तोड़ेकर, मिथिलेश बघेल, मुन्ना बिसेन, ईमरान खान, राजू सलम, समीर खान, बल्लू भवानी, पवन चन्द्रवंशी तथा बस्तर के प्रमुख पदाधिकारियों एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने समर्थन दिया। पूरे अभियान ने बस्तर में राजनीतिक चेतना और जनसरोकारों की नई ऊर्जा पैदा की है।

#### आदिवासियों की अधिकारों की रक्षा

छत्तीसगढ़ बचाबो यात्रा का प्रमुख उद्धेश्य आदिवासी अधिकारों की रक्षा, जल–जंगल–जमीन का संवर्धन, जंगलों का निजीकरण रोकना, किसानों को राहत, युवाओं के लिए रोजगार, सस्ती शिक्षा बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ और बस्तर में वास्तविक विकास इन सभी मुद्दों को एक साथ जनआंदोलन की शक्ति देना था। यात्रा ने बस्तर के गाँवों, कस्बों और शहरों में यह संदेश मजबूत किया कि जनता अब ठोस नीतियों और जवाबदेही की राजनीति चाहती है। यह अभियान आने वाले समय में प्रदेशस्तर पर बड़े राजनीतिक परिवर्तन की पृष्ठभूमि तैयार कर रहा है।

## घर बैठे ही ई-जागृति पोर्टल से अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर के निर्देशानुसार बुधवार को जिला उपभोक्ता आयोग जगदलपुर द्वारा ग्राम आड़ावाल में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य आलोक कुमार दुबे ने उपभोक्ता जागरूकता शिविर आयोजित करने के उद्देश्य की संपूर्ण जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की।

इस अवसर पर जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष श्रीमती सुजाता जसवाल ने ई-हियरिंग के संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश को देश का पहला राज्य बनने पर राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष जस्टिस गौतम चौरड़िया के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए उपभोक्ता कानून की जानकारी उपस्थित लोगों को प्रदान की। ई-हियरिंग एवं ई-फाइलिंग के संबंध में विस्तार से बताते हुए कहा कि अब आमजन को उपभोक्ता कानून का लाभ प्राप्त करने के लिए जिला आयोग की दूरी तय नहीं करना पड़ेगी और घर बैठे ही ई-जागृति पोर्टल द्वारा अपने मोबाइल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज उत्पाद और सेवाओं से जुड़ा प्रत्येक मुद्दा जिसमें उपभोक्ता को किसी परेशानी का सामना करना पड़ता है वह उपभोक्ता कानून के अंतर्गत आता है। ऐसी स्थिति में आम उपभोक्ता बीमा, फसल बीमा, बैंकिंग सुविधा, कोचिंग संस्थान एवं निर्माण कार्य एजेंसियों के विरुद्ध आयोग के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित नाजिर अनंत वैद्य ने उपभोक्ता कानून पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में उप निरीक्षक लोकेश्वर नाग, ग्राम उप सरपंच दिनेश जना, सचिव तुलमति साहू, पंच आयतु कश्यप, मोनू मरकाम, तुलसीराम कश्यप, रामधर बघेल, कोषाध्यक्ष संगीता महाराणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन तथा जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी अनंत वैद्य, भारत भूषण टंडन, अभिषेक तिवारी, सुधीर गुप्ता, संतोष देवांगन, नरपत नाग, भुवनेश्वर ठाकुर एवं मिथिलेश कुशवाहा आदि शामिल रहे।

## सीआरपीएफ से खिलौने पाकर बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शुक्रवार को सीआरपीएफ आईजी शालिन और डीआईजी कोंटा राजेश पांडेय के मार्गदर्शन में 204 वाहिनी कोबरा के अधिकारियों एवं जवानों ने बस्तर के सुदूर क्षेत्र में साप्ताहिक बाजार में आए बच्चों

- ग्रामीणों का उपचार करवाकर दी उचित दवाएं




और महिलाओं को खिलौने, कपड़े, जूते, और स्टेशनरी का सामान भेंट किया तथा बाजार में आए ग्रामीणों का उपचार कर आवश्यक दवायें भी वितरित किया, जिससे बाजार में आए लोगों के चेहरे पर खुशी और उत्साह झलक रहा था। यह भी देखने को मिला कि नये कैंप खुलने के बाद वहां के नागरिकों का सरकार, प्रशासन और सुरक्षा बलों के प्रति विश्वास बढ़ा है और सुनहरे भविष्य को लेकर उम्मीद जगी है।

## महाविद्यालय में निवेश और शेयर बाजार पर विशेष व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजीमाध्यम आदर्श महाविद्यालय,जगदलपुर में वाणिज्य विभाग एवं आईक्यूएसी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आज स्टॉक मार्केट क्या है, निवेश क्यों महत्वपूर्ण है और दीर्घकालिक वित्तीय वृद्धि के लिए समझदारी से निवेश कैसे करें" विषय पर एक महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान का आयोजन किया गया।



यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 की भावना के अनुरूप कौशल आधारित, व्यावहारिक एवं उद्योग शैक्षणिक सेतु को मजबूत करने वाली पहल के रूप में विद्यार्थियों को भविष्य के आर्थिक परिदृश्य से रूबरू कराने वाला साबित हुआ। मुख्य वक्ता अक्षय देशमुख ने विद्यार्थियों को शेयर बाजार की मूल संरचना, निवेश के प्रकार,जोखिम प्रबंधन,डिमैट व ट्रेडिंग प्रक्रियाएँ, एनएसडीएल की भूमिका तथा दीर्घकालिक निवेश के लाभों को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि शेयर बाजार आज की अर्थव्यवस्था का अत्यंत प्रभावी माध्यम है, जहाँ सही जानकारी,धैर्य और रणनीति के साथ कोई भी युवा अपने आर्थिक भविष्य को सुरक्षित एवं समृद्ध बना सकता है। विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ बड़ी संख्या में सहभागिता दर्ज की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजीव गुहे ने अपने संबोधन में कहा कि वित्तीय अनुशासन और नियमित निवेश निजी विकास के साथ-साथ सामाजिक और राष्ट्रीय आर्थिक मजबूती का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे वित्तीय साक्षरता को अपने जीवन और करियर का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाएं, क्योंकि आज का समझदारीपूर्ण निवेश कल की आर्थिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम का सफल संयोजन एवं संचालन वाणिज्य विभाग के डॉ निलेश तिवारी द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी ऐसे उपयोगी आयोजनों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

इस पूरे आयोजन ने छात्रों के भीतर आर्थिक जागरूकता और निवेश अनुशासन की नई ऊर्जा भर दी। इस दौरान डॉ. निलेश तिवारी वाणिज्य विभाग व अन्य उपस्थित थे।

### हाफ बिजली बिल का दायरा बढ़ाए जाने की घोषणा मुख्यमंत्री के संवेदनशील दृष्टिकोण का प्रमाण : अटामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

विधायक चैतराम अटामी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बिजली बिल हाफ योजना के दृष्टिगत की गई घोषणा का स्वागत कर इसके लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है। मंगलवार को विधानसभा के पुराने भवन में आहूत विशेष समापन सत्र में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने मुख्यमंत्री साय से हाफ बिजली बिल को लेकर राहत प्रदान करने का आग्रह किया। विधायक ने कहा कि 200 यूनिट तक हाफ बिजली बिल की घोषणा से 45 लाख से ज्यादा परिवार इससे लाभान्वित होंगे। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेशवासियों को बड़ी राहत दी है। नई योजना के लागू होने पर अब 200 यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं को सीधे आधा बिल देना होगा। उन्होंने हाफ बिजली बिल का दायरा बढ़ाए जाने की इस घोषणा को प्रदेश के मुख्यमंत्री व उनकी सरकार के संवेदनशील दृष्टिकोण का प्रमाण निरुपित किया और कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनता-जनार्दन के सभी प्रकार के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## पतंजलि का विशाल इंटीग्रेटेड योग शिविर 26 नवम्बर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जगदलपुर में स्वास्थ्य जागरण का अद्भुत संगम होने जा रहा है। पतंजलि योग परिवार द्वारा आयोजित योगा फेस्ट–2025 में नगरवासी पाँच दिनों तक योग,प्राकृतिक चिकित्सा और रोगानुसार औषधीय पेयों के अनोखे समन्वय से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करेंगे। बढ़ती जीवनशैली जनित बीमारियों के बीच यह शिविर लोगों के लिए नई आशा के रूप में देखा जा रहा है। पतंजलि योग परिवार जगदलपुर-बस्तर द्वारा 25 दिवसीय सह योग शिक्षक शिविर के भव्य समापन के साथ 26 नवम्बर से 30 नवम्बर 2025 तक नगरवासियों के लिए विशाल इंटीग्रेटेड योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है।



इस शिविर में जटिल व जीवनशैली जनित रोग जैसे मधुमेह शुगर, रक्तचाप, मोटापा, थायरॉइड, माहवारी संबंधी समस्याएँ,गैस–अम्लता, गठिया-वात,सर्दी-खाँसी-बुखार, दर्द आदि के लिए प्रमाणिक योगिक उपचार बताए जाएंगे। शिविर में खानपान पर मार्गदर्शन के साथ एक्यूप्रेशर, जलनेती, अक्षिधोवन, कर्णपूरण, मिट्टीपट्टी जैसी प्राकृतिक चिकित्सा भी कराई जाएगी। उन्होंने बताया रोगानुसार पाँच प्रकार के विशेष औषधीय पेय मधुमेह पेय,हृदय पेय,पीड़ान्तक पेय, रोग प्रतिरोधक इम्यूनोपेय,उदर–अमृत पेय तथा अंकुरित नाश्ता निःशुल्क उपलब्ध रहेगा। शिविर प्रतिदिन प्रातः 6 से 7:30 बजे तक सिटी ग्राउंड, जगदलपुर में आयोजित होगा। बस्तर के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में लोग इसमें भाग लेंगे। छत्तीसगढ़ पतंजलि योग समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज पानीग्राही ने बताया कि शिविर के दौरान प्रतिभागियों के रक्तचाप, मधुमेह व वजन की प्रतिदिन जाँच कर उपचार के प्रभाव का आकलन किया जाएगा,जो सामान्यतः भारी खर्च में होता है।

### क्या भाजपा जिला अध्यक्ष को नहीं मिला सबका साथ या नहीं रहा सब पर विश्वास : जावेद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान ने बस्तर जिला भाजपा की नवीन कार्यकारिणी पर तीखा प्रहार करते हुए इसे सामाजिक प्रतिनिधित्व एवं समरसता से कोसों दूर बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने अपने ही संगठन में विभिन्न समाजों से आने वाले कर्मठ कार्यकर्ताओं की राजनीतिक हत्या कर दी है। जावेद ने सवाल उठाया कि जब पार्टी अपनी अंदरूनी कार्यकारिणी में ही सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र का पालन नहीं कर पा रही, तो जनमानस का विश्वास कैसे जीतेगी।



उनका कहना है कि जारी सूची में एक ही वर्ग का दबदबा साफ दिखता है,जबकि सिख,मुस्लिम, क्रिश्चियन, जैन, सिंधी, क्षत्रिय, बौद्ध, महेश्वरी सहित अनेक समाजों के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं को पूरी तरह उपेक्षित कर दिया गया है। जावेद ने इसे भाजपा की वास्तविक विचारधारा की पुनः पुष्टि बताया,जिसमें विशेष वर्ग को ही प्रमुखता मिलती है।

# कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में दी दो दिवसीय तितली पहचान कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में ग्रामीण युवाओं, वन कर्मियों, मैना मित्र और नेचर गाइड्स के लिए दो दिवसीय बेसिक बटरफ्लाई आइडेंटिफिकेशन (तितली पहचान) कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

- विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को तितलियों के जीवन चक्र की दी जानकारी





कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को तितलियों की पहचान, उनकी पारिस्थितिक भूमिका तथा संरक्षण के महत्व से अवगत कराना था। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को तितलियों के जीवन चक्र अंडा, लार्वा, प्यूपा और व्यस्क अवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही होस्ट प्लांट (जिन पर कैटरपिलर भोजन करते और बढ़ते हैं) तथा नेक्टर प्लांट (जिनसे वयस्क तितलियां रस ग्रहण करती हैं) की पहचान और उनके महत्व पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला के दौरान उद्यान क्षेत्र में फील्ड विजिट भी कराई गई, जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रजातियों की तितलियों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और पहचान के व्यावहारिक कौशल सीखे। निदेशक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान कहा इस प्रशिक्षण से स्थानीय युवाओं, मैना मित्र और नेचर गाइड्स की क्षमता में वृद्धि होगी तथा यह भविष्य में इको-टूरिज्म एवं जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उद्यान प्रबंधन ने ऐसी गतिविधियों को आगे भी नियमित रूप से आयोजित करने की बात कही है, जिससे स्थानीय समुदाय और वन विभाग के बीच संरक्षण संबंधी समझ एवं सहयोग को और मजबूत किया जा सके। यह प्रशिक्षण गौरव नीलानि द्वारा दिया गया।

